# चुनाव कार्यवाही

दी जनता रिलीफ सोसाईटी, सोनीपत रजिस्टर्ड ने मुझे दिनांक 07–07–2024 को सोसाईटी ने मुझे 2024 के कार्यकारिणी के चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। जिसके आधार पर मैनें दिनांक 30–08–2024 को सभी मैम्बरों को सोसाईटी के कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित कर दिये गये थे तथा इस बारे में एक नोटिफिकेशन मैम्बरो की लिस्ट के साथ सोसाईटी के कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कर दी गई थी। चुनाव का दिन आवश्यकता पडने पर 20–10–2024 मुकर्रर किया गया था। चुनाव की कार्यवाही को आगे चलाते हुए कार्यकारिणी के पांच पदाधिकारी व छह कार्य समिति के मैम्बरों के चुनाव के बारे में नामांकन दाखिल करने की प्रकिया दिनांक 25–09–2024 से शुरू होकर 27–10–2024 सम्पन्न होनी थी। स्कूटनी का दिन 27–10–2024 को निर्धारित किया था।

इस दौरान नामांकन पत्र जमा कराने की प्रकिया मे दिनांक 26–09–2024 को टोटल नोमिनेशन 24 मेरे सामने आए। प्रधान पद समेत 1 से 24 नामांकनो की छानबीन दिनांक 27–09–2024 को की गई विचार विमर्श करने पर मेरे द्वारा निम्नलिखित नामांकन पत्र वैध पाये गयेः–

1. पवन कुमार गुप्ता – प्रधान
2. पंकज जैन – उपप्रधान
3. रविशंकर गर्ग – सेकेटरी
4. मनोज कुमार जैन – सह सचिव
5. अनुराग मितल जैन– खचांजी
6. हरि प्रकाश – मैम्बर
7. रामकरण – मैम्बर

अशोक शर्मा 11/03/25

Ashok Kumar Sharma
Advocate
R.O The Janta Relief Society
Sonepat Election 2024

8. अरविन्द मितल – मैम्बर

9. आशीष गुप्ता – मैम्बर

10. नरेन्द्र कुमार जैन – मैम्बर

11. कुणाल शर्मा – मैम्बर

12. सुदेश कुमार – मैम्बर

13. सुदेश कुमार – सेकेटरी

14. कुणाल शर्मा – सेकेटरी

15. अर्चित गर्ग – मैम्बर

चुनाव प्रकिया को जारी रखते हुए मै नामांकन पत्रों पर अवलोकन करने पर सोसाईटी के नियम अनुसार इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि निम्नलिखित आवेदन जिनकी संख्या 9 है जो निम्नलिखित है:–

1. सुभाष चन्द्र गुप्ता – प्रधान
2. रेखा गर्ग – उपप्रधान
3. अजय मितल – सेकेटरी
4. सतीश मितल – सहसचिव
5. सोनू मितल – खजांची
6. प्रमोद कुमार – मैम्बर
7. सुशील कुमार – मैम्बर
8. अभिशेख मितल – मैम्बर
9. पवन कुमार – मैम्बर

उक्त सभी नामांकन पत्रों मे आवेदकों द्वारा अपनी तरफ से कोई चुनाव चिन्ह नामांकन के कॉलम मे ना मांगा गया तथा ना ही मर्जी का चिन्ह देने सम्बन्धी कोई भी प्रार्थना की गई जो उक्त सभी कैन्डीडेंट ने मेरे सम्मुख हाजिर होकर कोई आपत्ति भी दर्ज ना कराई।

अशोक कु शर्मा 11/3/2025

Ashok Kumar Sharma
Advocate
R.O The Janta Relief Society
Sonepat Election 2024

काफी देर बाद तक इन्तजार करने के बाद भी उक्त 9 आवेदकों मे से कोई भी हाजिर नही हुआ। सोसाईटी के कार्यालय लिपिक से इन आवेदकों को अनेक बार मोबाईल पर सम्पर्क कराए गए लेकिन कोई भी नही आया। अतः इन सभी नामांकन पत्रों पर गौर करकें मैनें अपने विवेक से निरस्त कर दिये क्योकि सभी नामांकन पत्र अधूरे थे। अब चुनाव में कुल 15 नामांकन दुरूस्त रह गये थे। दिनांक 29–09–2024 को नाम वापिस लेने की प्रकिया थी उसमें 15 में से 4 नाम वापिस ले लिय गए जो निम्नलिखित पदों के लिए आये थे।

1–सुदेश कुमार–सेकेटरी

2–सुदेश कुमार–मैम्बर

3–कुणाल शर्मा–सेकेटरी

4–अर्चित गर्ग–मैम्बर

उसके बाद मेरे द्वारा स्कूटनी मे नामांकन पत्र जो दिनांक 27–09–2024 को मेरे द्वारा निरस्त किए गए थे उसकी एक शिकायत करते हुए जिला रजिस्ट्रार के कार्यालय में सोनू मितल जो कि खजांची के पद के लिए आवेदक था ने चुनाव प्रकिया से रूष्ट होकर प्रार्थना पत्र दे दिया जिसके जवाब मे मैने बतौर चुनाव अधिकारी व एड–हॉक कमेटी के अपना जवाब जिला रजिस्ट्रार कार्यालय मे प्रस्तुत किया था। मैने अपना फैसला भी जिला रजिस्ट्रार के कार्यालय मे दे दिया था जिस पर जिला रजिस्ट्रार ने चुनाव प्रकिया को रोक दिया था लेकिन सोनू मितल की शिकायत की कार्यवाही पेंडिंग रह गई थी। उसके उपरान्त जिला रजिस्ट्रार के चुनाव प्रकिया के रोक आदेश के खिलाफ श्री पवन गुप्ता जी जो प्रधान पद के चुनाव हेतु आवेदक थे वह स्टेट

अशोक शर्मा 11/3/2025

Ashok Kumar Sharma
Advocate
R.O The Janta Relief Society
Sonepat Election 2024

रजिस्ट्रार के न्यायालय मे अपील के लिए चले गऐ थ। जो कि काफी दिनो तक चलती रही। इसी मध्य मे जिला रजिस्ट्रार ने दिनांक 27–02–2025 को मुझे चुनाव अधिकारी के कार्य भार से मुक्त करते हुए श्री विजयपाल अरोडा को चुनाव अधिकारी लगा दिया था तथा उसको 3 माह मे चुनाव कराने के निर्देश दिये गए।

दिनांक 08–03–2025 को श्री पवन कुमार गुप्ता जी जो प्रधान के पद पर सोसाईटी की कार्यकारिणी का चुनाव लड रहे थे जो कि स्टेट रजिस्ट्रार के पास जिला रजिस्ट्रार के फैसले के विरूद्ध अपील मे गये थे ने एक प्रार्थना पत्र व आदेश स्टेट रजिस्ट्रार दिनांक 04–03–2025 मेरे सामने प्रस्तुत किया और प्रार्थना की कि मेरी अपील स्टेट रजिस्ट्रार के न्यायालय से मंजूर हो चुकी है तथा स्टेट रजिस्ट्रार मे अपने आदेश मे जिला रजिस्ट्रार के आदेश दिनांक 08–10–2024 को निरस्त कर दिया है।

इस पत्र और सलंग्न आदेश दिनांक 04/03/2025 का अवलोकन करने के बाद दि जनता रिलीफ सोसाईटी सोनीपत की कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया को आगे बढाते हुए मैने अपने आदेश 27–09–2024 पर विचार करते हुए चुनाव की पेंडिंग रही कार्यवाही को आगे बढाया तथा दिनांक 29–09–2024 को जो 11 वैध सदस्य व पदाधिकारी रह गए है, उनको उचित मानते हुए चुनाव की जरूरत ना पडने पर निम्नलिखित पदाधिकारियें व सदस्यों को निर्वाचित घोषित करता हूॅः–

1. पवन कुमार गुप्ता – प्रधान
2. पंकज जैन – उपप्रधान
3. रविशंकर गर्ग – सेकेटरी
4. मनोज कुमार जैन – सहसचिव

अशोक शर्मा 11/3/2025

Ashok Kumar Sharma
Advocate
R.O The Janta Relief Society
Sonepat Election 2024

5. अनुराग मितल जैन– खजांची
6. हरिप्रकाश – मैम्बर
7. रामकरण – मैम्बर
8. अरविन्द मितल – मैम्बर
9. आशीष गुप्ता – मैम्बर
10. नरेन्द्र कुमार जैन – मैम्बर
11. कुणाल शर्मा – मैम्बर

इस बारे मे निर्वाचित सदस्यो की सूची उक्त पत्र के साथ जिला रजिस्ट्रार के कार्यायल मे प्रेषित की जा रही है।

निर्वाचित सदस्यों एवं पदाधिकारियों की सूची कार्यालय के बाहर चस्पा कर दी गई है तथा निर्वाचित सदस्यों को उनके निर्वाचन के प्रमाण पत्र दे दिये गये हैं तथा इनको नियमानुसार आज दिनांक 11–03–2025 को उनके पद व गोपनीयत की सोसाईटी के कार्यालय मे शपथ दिलाई गई। चुनाव की प्रकिया शान्तिपूर्वक पूरी होने पर तमाम कार्यकारिणी के अधिकारियों व सदस्यो एवं आम मैम्बरान का धन्यवाद करता हूँ।

उक्त आदेश मेरे कार्यालय द्वारा आज दिनांक 11–03–2025 को जारी किया गया। तमाम चुनाव प्रक्रिया का रिकार्ड नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सौंप दिया गया।

अशोक शर्मा

दिनांक–11–03–2025

(अशोक शर्मा एडवोकेट) 11/3/2025

Ashok Kumar Sharma
Advocate
R.O The Janta Relief Society
Sonepat Election 2025

चुनाव अधिकारी

**दि जनता रिलीफ सोसाईटी,**

**सोनीपत।**